सीयूजे : इंटीग्रेटेड यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन काउंसिलिंग शुरू

जासं, रांची : सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ झारखंड के शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए इंटीग्रेटेड (यूजी-पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एडमिशन को-आर्डिनेटर डा. गजेंद्र प्रसाद सिंह ने इस संबंध में सीयूजे की वेबसाइट पर नोटिस अपलोड कर दिया है। इस बार सीयूजे ने इंटीग्रेटेड यूजी-पीजी स्तर के 18 पाठ्यक्रमों में सीयूसीईटी-2022 परीक्षा में बैठने वाले सभी उम्मीदवारों को काउंसिलिंग एवं एडमिशन के लिए खुला पंजीकरण आमंत्रित किया है। इंटीग्रेटेड (यूजी-पीजी) पाठ्यक्रम में कुल 758 सीटें शामिल हैं। सीयूजे में इन कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सीयूजे पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 25 सितंबर तक पंजीकरण शुल्क प्रत्येक कार्यक्रम के लिए 800 रुपये सामान्य वर्ग, ओबीसी व डब्ल्यूएस के लिए और 400 रुपये, एससी/एसटी, पीडब्ल्यूडी एवं महिलाओं के लिए 200 रुपये भुगतान कर काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश के लिए आनलाइन पंजीकरण, पंजीकरण शुल्क का भुगतान और मूल दस्तावेजों प्रमाण पत्रों की स्कैन कापी अपलोड करने की तिथि 20 से 25 सितंबर तक तय की गई है। पहली मेरिट सूची की घोषणा 29 सितंबर को की जाएगी। जबकि अभ्यर्थी 10 अक्टूबर से प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

इंटीग्रेटेड कोर्स के लिए काउंसेलिंग शुरू

रांची. केंद्रीय विवि झारखंड (सीयूजे) में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के तहत इंटीग्रेटेड (यूजी-पीजी) कोर्स में नामांकन के लिए ऑनलाइन काउंसेलिंग प्रक्रिया शुरू हो गयी है. एडमिशन को-ऑर्डिनेटर डॉ गजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया है कि 18 कोर्स में सीयूसीइटी परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को काउंसेलिंग व एडमिशन के लिए ओपेन रजिस्ट्रेशन कराने का अवसर दिया गया है. इस कोर्स में कुल 758 सीटें हैं. अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर 25 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. सामान्य, ओबीसी व इडब्ल्यूएस अभ्यर्थी के लिए शुल्क 800 रुपये और एससी, एसटी अभ्यर्थियों को 400 रुपये लगेंगे. पीडब्ल्यूडी एवं महिलाओं को 200 रुपये लगेंगे. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी. पहली मेधा सूची 29 सितंबर को जारी की जायेगी. अभ्यर्थी 10 अक्तूबर से प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं. यदि सीटें खाली रहती हैं, तो दूसरी मेधा सूची 13 अक्तूबर को जारी की जायेगी. शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर 2022 है. आवश्यकतानुसार तीसरी और अंतिम मेधा सूची 20 अक्तूबर को जारी होगी. कक्षाएं शुरू होने की संभावित तिथि 21 अक्तूबर रखी गयी है.